सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस नोट- दिनांक 21.03.2024

इटावा पुलिस द्वारा 02 वाहन चोरों को किया गया गिरफ्तार,
कब्जे से 01 मोटर साइकिल हीरो स्प्लेण्डर (चोरी की), 01 अवैध तमन्चा व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर एवं 01 अवैध चाकू किया गया बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में **थाना बसरेहर पुलिस** द्वारा की गयी कार्यवाही।

घटना/गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

आगामी लोकसभा निर्वाचन- 2024 के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में जनपद में सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में दिनांक 20.03.2024 को थाना बसरेहर पुलिस द्वारा भदामई पुल पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग की जा रही थी, इसी दौरान किल्ली की ओर से 01 मोटर साइकिल आती दिखायी दी जिसे पुलिस टीम द्वारा रूकने का इशारा किया गया तो मोटर साइकिल सवार व्यक्तियों द्वारा भागने का प्रयास किया गया जिन्हें पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग करते हुये **भदामई पुल के पास से समय 10.05 बजे रात्रि में गिरफ्तार कर लिया गया।**

पुलिस पूछताछः-

पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये व्यक्तियों का नाम पता पूछते हुये तलाशी ली गयी विपिन कुमार के कब्जे से 01 अवैध तमन्चा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस एवं समीर के कब्जे 01 अवैध चाकू बरामद किया गया। पुलिस टीम द्वारा मोटर साइकिल के सम्बन्ध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि यह मोटर साइकिल हम लोगों ने 03 वर्ष पहले थाना बकेवर क्षेत्रान्तर्गत से चोरी की थी।

उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बसरेहर पर मु0अ0सं0 19/2024 धारा 3/4/25 आर्म्स एक्ट एवं धारा 411 भादवि पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. विपिन कुमार पुत्र छोटेलाल निवासी पिलखनी थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात हाल पता कोकपुरा थाना फ्रेण्डस कालोनी जनपद इटावा **उम्र 23 वर्ष**।
2. समीर पुत्र कल्लू उर्फ कलुआ निवासी कोकपुरा थाना फ्रेण्डस कालोनी जनपद इटावा **उम्र 20 वर्ष।**

पंजीकृत अभियोगः-

1. मु0अ0सं0 19/24 धारा 3/4/25 आर्म्स एक्ट व 411 भादवि थाना बसरेहर जनपद इटावा।

आपराधिक इतिहासः-

अभियुक्त विपिन कुमार पुत्र छोटे लाल

1. मु0अ0सं0 256/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बकेवर जनपद इटावा
2. मु0अ0सं0 395/2020 धारा 60(ए)/60(2)/60 आबकारी अधिनियम व धारा 272 भादवि थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात।
3. मु0अ0सं0 19/24 धारा 3/4/25 आर्म्स एक्ट व 411 भादवि थाना बसरेहर जनपद इटावा।

बरामदगीः-

1. 01 अवैध तमंचा 315 बोर
2. 02 जिंदा कारतूस 315 बोर
3. 01 अवैध चाकू
4. 01 मोटर साइकिल हीरो स्प्लेण्डर **(मु0अ0सं0 178/2021 थाना बकेवर से सम्बन्धित)**

पुलिस टीम- उ0नि0 कपिल चौधरी थानाध्यक्ष बसरेहर, उ0नि0 राजेन्द्र सिंह, का0 विनोद कुमार, का0 कर्मवीर ।